पाठ 8. हँसी का खज़ाना (केवल पढ़ने के लिए)

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य मनोरंजन करना है। चुटकुला सुनना-सुनाना भी साहित्यिक विधा है। इससे न केवल स्वस्थ मनोरंजन होता है बल्कि श्रवण व वाचन कौशलों का विकास भी होता है। इस पाठ में दिए गए चुटकुलों के माध्यम से अंतर-वैयक्तिक संबंधों को समझने में सहायता मिलेगी।

अध्यापन संकेत

यह पाठ केवल पठन के लिए है। चुटकुले हमें गुदगुदाते हैं, हमें हँसाते हैं और हमारा मनोरंजन भी करते हैं। चुटकुले सुनने-सुनाने के क्रम में बच्चों को 'श्रीनगर' के बारे में जानकारी दें। 'दुनिया गोल है' का मूल भाव भी बताएँ। धन और बुद्धि में किसका महत्व अधिक है, इसपर चर्चा करें।